तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **चैनाराम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार, पीपाड़ शहर)** सू.अ.अ. अपील संख्या 315 / 2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17-10-2022	अपीलार्थी चैनाराम पुत्र जगदीशराम जाट निवासी जाटों का बास, ग्राम जवासिया, पोस्ट रियां सेठों की, तहसील पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 27.06.2022 में (1) सुखाराम पुत्र पेमाराम सुथार निवासी जवासिया द्वारा एक शिकायती पत्र जांच बाबत दिनांक 16.01.2020 को अपर जिला कलक्टर जोधपुर को पेश किया। उक्त पत्र के संबंध में जांच बाबत भू.अ. निरीक्षक बुचकला द्वारा की गई जांच की प्रगति रिपोर्ट की सत्यापित प्रति (2) अन्य बिन्दूओं से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, पीपाड़ शहर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	